पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में विश्व अंडा दिवस का आयोजन

जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति माननीय श्री डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन में दिनांक 14 /10 /2022 को विश्व अंडा दिवस का आयोजन पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर में किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें दिनांक 13/10/ 2022 को शासकीय उच्च महाविद्यालय सुहागी में प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों को उबले अंडे का वितरण किया गया एवं उनको भोजन में अंडे के महत्व के बारे में समझाया गया। इसी तारतम्य में महाविद्यालय में अंडे पर प्रश्न उत्तर एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन छात्रों के लिए किया गया साथ ही आम नागरिकों में अंडे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए महाविद्यालय प्रवेश द्वार पर आमजनों के लिए सामुदायिक अंडा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के समापन समारोह में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के मुख्य आतिथ्य एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के शर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। माननीय कुलपति जी ने अंडे के पोषण महत्व एवं मुर्गी पालन द्वारा स्वरोजगार के महत्व के बारे में सभी को बताया। विश्व अंडा दिवस का कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिष्ठाता महोदय के नेतृत्व में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के सहयोग से कुक्कुट विज्ञान विभाग द्वारा समन्वित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आदित्य मिश्रा ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर